कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी,
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर, जिला–सरगुजा, (छ.ग.)
Email ID – bmoudaipurchc@gmail.com

क्रमांक / 134 / डी.एम.एफ. / 2026 उदयपुर,दिनांक 7 / 04 / 2026

## –:: संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन सूचना ::–

जिला स्वास्थ्य समिति, जिला सरगुजा (छ.ग.) अन्तर्गत संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर में पोषण पुर्नवास केन्द्र (NRC) के सुचारू संचालन हेतु फिडिंग डेमोंस्ट्रेटर के रिक्त पद की पूर्ति जिला खनिज न्यास मद (DMF) के माध्यम से संविदा आधार पर करने हेतु अनुमति प्रदान की गई हैं।

उक्त संबंध में विकास खण्ड स्तर पर रिक्त पद की संविदा नियुक्ति हेतु वॉक–इन–इंटरव्यू कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामु.स्वा. केन्द्र उदयपुर, वि.ख. उदयपुर, जिला सरगुजा, (छ.ग) में उपस्थित हो कर वॉक–इन–इंटरव्यू / लिखित परीक्षा में भाग ले सकते है।

उपरोक्तानुसार योग्य/पात्र उम्मीदवारों को स्पष्ट एवं त्रुटि रहित आवेदन पत्र आवेदन कर्ता द्वारा स्वयं/आवेदन कर्ता द्वारा अधिकृत व्यक्ति द्वारा उपस्थित हो कर जमा किया जाना होगा।

| | | |
|---|---|---|
| वॉक–इन–इंटरव्यू/लिखित परीक्षा | : | दिनांक–15 / 04 / 2026. को समय प्रातः 10:00 बजे से 12.00 बजे तक पंजीयन एवं आवेदन जमा करने का समय रहेगा। व सूची प्रकाशन 2.00 बजे तक होगा, अग्रिम कार्यवाही क्रम अनुसार रहेगी। |
| **आवेदन प्रस्तुत करने का स्थल**–कार्यालय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामु. स्वा. केन्द्र उदयपुर, वि. ख. उदयपुर,जिला सरगुजा, (छ.ग.) | | |

- **समस्त आवेदक संविदा नियुक्ति से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए जिले के शासकीय वेबसाईट www.surguja.gov.in का अवलोकन निरंतर करते रहेंगे। (विस्तृत विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र देखा व डाउनलोड किया जा सकता हैं।)**

खण्ड चिकित्सा अधिकारी,
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर,
जिला – सरगुजा, (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी,
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर, जिला – सरगुजा, (छ.ग.)
Email ID – bmoudaipurchc@gmail.com

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

क्रमांक / .................. / डी.एम.एफ. / 2026

उदयपुर,दिनांक ...... / ..... / 2026

# वॉक–इन–इंटरव्यु

| भाग– 'अ' | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पद क्र. | पद का नाम | रिक्त पद की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | एकमुश्त मासिक मानदेय |
| **01** | **Feeding Demonstrator** | **01** | **BSc Home Science** | **12,000/-** |

➢ निम्न आधार पर मेरिट सुची जारी किया जायेगा।

| क्र0 | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव अंक | लिखित परीक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | शैक्षणिक योग्यताओं का 65% | संबंधित क्षेत्र में कार्य का प्रत्येक वर्ष 02 अंक एवं अधिकतम 05 वर्ष का 10 अंक | 25 अंक |

नोटः

➢ समस्त आवेदक संविदा नियुक्ति से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए वेबसाईट का अवलोकन निरंतर करते रहेंगे।

➢ शासकीय वेबसाईट **www.surguja.gov.in** से विस्तृत विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र देखा व डाउनलोड किया जा सकता हैं।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी,
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर,
जिला – सरगुजा, (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

**जिला खनिज न्यास मद (DMF) अंतर्गत फिडिंग डेमोस्ट्रेटर पद पर संविदा भर्ती हेतु दिशा–निर्देश**

**भाग– 'ब'**

**नोट–**

➢ अभ्यार्थी जिले के शासकीय वेबसाईट **www.surguja.gov.in** का निरंतर अवलोकन करते रहें विज्ञापन से संबंधित समस्त जानकारी समय समय पर वेबसाईट के माध्यम से ही प्रसारित की जावेगी। अन्य किसी माध्यम से जानकारी आवेदक को प्रेषित नहीं की जावेगी।

**<u>नियम एवं शर्ते</u>–**

**1. आवेदन पत्र के संबंध में :–**

1.1 विज्ञापित पदों के संबंध में विवरण सरगुजा जिले के वेबसाईट www.surguja.gov.in पर उपलब्ध है, कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामु. स्वा. केन्द्र उदयपुर, वि. ख. उदयपुर, जिला सरगुजा, (छ.ग) के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

1.2 **इच्छुक उम्मीदवार वांछित समस्त दस्तावेजो की मूल प्रति एवं आवेदन के साथ निर्धारित तिथि को प्रातः 10:00 बजे से <u>कार्यालय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामु. स्वा. केन्द्र उदयपुर, वि. ख. उदयपुर, जिला सरगुजा(छ.ग)</u> में उपस्थित होकर वॉक इन इंटरव्यु में भाग ले सकते है।**

1.3 उम्मीदवार को आवेदन पत्र एवं समस्त दस्तावेज के साथ आवेदन प्रक्रिया के दिन उपस्थित होना अनिवार्य है।

1.4 **संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की सूची :–**

1. 10 वीं एवं 12 वीं की अंक सूची।
2. शैक्षणिक योग्यता के समस्त वर्ष की अंक सूची।
3. शैक्षणिक योग्यता की डिग्री/डिप्लोमा। (स्थाई/अस्थाई)
4. जाति प्रमाण पत्र।
5. निवास प्रमाण पत्र।
6. जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
7. अनुभव प्रमाण पत्र।
8. पहचान पत्र (आधार कार्ड/पेन कार्ड/वोटर आई) की प्रति।

**2.** आवेदक को अनुभव प्रमाण पत्र के साथ सक्षम नियुक्तिकर्ता द्वारा जारी नियुक्ति आदेश पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**3. आयु सीमा** :– 01 जनवरी 2026 को अधिकतम 70 वर्ष निर्धारित है। आयु की गणना 01 जनवरी 2026 के आधार पर की जावेगी। इस आयु सीमा में सभी प्रकार के छूट शामिल है।

Scanned with OKEN Scanner

## 4. भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा–निर्देश :–

4.1 अभ्यार्थी की शैक्षणिक योग्यता (अंक सूची/सर्टिफिकेट) शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से होना अनिवार्य है।

4.2 निर्धारित दस्तावेजो को परीक्षण हेतु चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा। परीक्षण उपरांत दस्तावेज सही पाये जाने की स्थिति में अभ्यार्थी की पदस्थापना की जायेगी।

5. चयनित उम्मीदवार को वेतन मानदेय एकमुश्त मासिक राशि देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई अन्य राशि प्रदान नही की जावेगी।

6. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है।

7. उक्त संविदा नियुक्ति जिला खनिज संस्थान न्यास मद (DMF) अंतर्गत संविदा आधार पर की जा रही है, उक्त संबंध में जिला खनिज संस्थान न्यास मद (DMF) से उपलब्ध राशि/मद के आधार पर ही वेतन का भुगतान किया जावेगा।

8. चयनित उम्मीदवार कार्यकाल के दौरान निजी संस्था मे कार्य नही कर सकते है, यदि कोई उम्मीदवार चयन उपरांत निजी संस्था मे कार्य करते पाये जाते है, तो उनकी सेवा तत्काल समाप्त कर दी जावेगी।

9. अनुभव प्राप्त उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जावेगी।

10. भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार के विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार भर्ती हेतु गठित चयन समिति का होगा।

11. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटि पूर्ण आवेदन पत्रो के संबंध मे उम्मीदवार को कोई सूचना नही दी जावेगी और आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा। प्रत्येक आवेदक विज्ञापन मे दिये गये निर्देशो तथा आवेदन पत्र मे सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरे।

12. अपराधिक प्रवृित्ति एवं कदाचरण व अन्य अनैतिक कार्य मे लिप्त पाये गये आवेदक द्वारा आवेदन करने पर उनका आवेदन स्वतः निरस्त माना जावेगा।

13. भर्ती हेतु छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के कंडिका 15 की अन्य शर्ते लागू होंगी।

14. अभ्यर्थी आवेदन पत्र मे अपना नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो राजपत्रित अधिकारी/स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकावे।

15. उपरोक्त पदो पर आवेदन के साथ वांछित योग्यता प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता, अनुभव संबंधित प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेजो की छाया प्रति अनिवार्यतः स्व सत्यापित कर संलग्न करे, संलग्न नही किये जाने की स्थिति मे आवेदन निरस्त करने का अधिकार चयन समिति को होगा।

16. चयन अधार/अंतिम सूची प्रकाशन का आधार चयन समिति के निर्णय एवं वांछित दस्तावेजों के अवलोकन उपरांत चयन प्रक्रिया पूर्ण की जावेगी।

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर**
**जिला– सरगुजा (छ0ग0)**

Scanned with OKEN Scanner